भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 441

दिनांक 19.11.2019/ 28 **कार्तिक**, 1941 **(शक) को उत्तर के लिए**

असम समझौता का कार्यान्वयन

†441. **श्री अब्दुल खालेकः**

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने असम समझौता, 1985 **के खंड**-6 **के कार्यान्वयन हेतु प्रविधियां तैयार करने के लिए कोई समिति बनाई है**;

(ख) यदि हां, **तो क्या असम समझौता में उपयोग किए गए 'असम के लोग' शब्द की परिभाषा पर सर्वसम्मति से सहमति हो गई है**; **और**

(ग) यदि नहीं, **तो सरकार द्वारा सभी हिस्सेदारों के लिए एक स्वीकृत परिभाषा मान्य करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे है**?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) से (ग): भारत सरकार ने असम समझौते के खंड 6 का कार्यान्वयन करने तथा असम के लोगों के सांस्कृतिक, सामाजिक, भाषायी पहचान तथा विरासत की रक्षा, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु उपयुक्त उपाय सुझाने के लिए वर्ष 1985 से की गई कार्रवाई की प्रभावकारिता की जांच हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। आज की तारीख तक, 'असम के लोग' शब्द की परिभाषा पर कोई सर्वसम्मति नहीं हो पाई है।

*****